दिनांक : 07.01.2026 समय : 07.10AM

# आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अफ्रीका यात्रा के बाद नए रणनीतिक स्तर पर पहुंचे द्विपक्षीय।
- प्रदेश मंत्रि–परिषद की बैठक में प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं सहित कई प्रस्तावों को मिली स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ने कहा– मंत्री गांव–गांव जाकर मनरेगा के नए स्वरूप 'जी राम जी' के भ्रामक प्रचार का जवाब दें।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड और शीतलहर जारी, कई जिलों के स्कूलों में दो दिन का अवकाश।

## प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिसंबर 2025 की अफ्रीका यात्रा के बाद भारत और इथियोपिया के बीच द्विपक्षीय संबंध एक नए रणनीतिक स्तर पर पहुंच गए हैं। 'टाइम्स ऑफ ओमान' की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने अगले दशक के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है, जो व्यापार, बुनियादी ढांचे और दक्षिण–दक्षिण सहयोग पर केंद्रित है। आर्थिक और व्यापारिक आंकड़े: वित्त वर्ष 2024–25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 550.19 मिलियन डॉलर रहा। भारत ने 476.81 मिलियन डॉलर का निर्यात किया। वहीं, भारत ने इथियोपिया को 1 अरब डॉलर से अधिक की ऋण सहायता दी है, जिससे वहां चीनी उत्पादन, रेलवे और बिजली ट्रांसमिशन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित हो रही हैं।

## कैबिनेट स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि–परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास हेतु कई बड़े निर्णय लिए गए। सरकार ने बुरहानपुर जिले की दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,598 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी, जिससे करीब 34,400 कृषक परिवार लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और पीएम जनमन योजना को 2028–2031 तक विस्तार देते हुए करीब 28,000 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए बैठक में सभी मंत्रियों को ई–कैबिनेट हेतु टैबलेट प्रदान कर प्रशिक्षण भी दिया गया। मंत्री चैतन्य काश्यप ने जानकारी देते हुए बताया–

## सीएम हाउस बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल रात भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में एक अहम बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व राजेंद्र शुक्ल और मंत्रिमंडल के कुछ सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रत्येक गांव को 'विकसित गांव' बनाने और मनरेगा के नए स्वरूप 'जी राम जी' पर रणनीति बनी। सीएम ने मंत्रियों से कहा कि वे गांव–गांव जाकर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब दें। साथ ही, वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाने और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में मतदाता सूची से नाम कटने जैसी शिकायतों पर भी गंभीर समीक्षा की गई।

## प्रगति रिपोर्ट

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय होने में मदद मिली है। यह केवल

निगरानी नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधारों का भी माध्यम साबित हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज ब्रहमपुत्र नदी पर निर्मित बोगीबील रेल सह सडक पुल पर नजर डालते हैं।

**प्रदेश ठंड स्कूल**

मध्य प्रदेश में शीतलहर के चलते प्रशासन सख्त है। आगर–मालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने नर्सरी से आठवीं तक के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में आज और कल का दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है। वहीं, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 10 बजे के बाद कर दिया है। उधर, अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने आज सभी स्कूल तथा आंगनबाड़ियों में अवकाश घोषित किया है। वहीं, पन्ना कलेक्टर उषा परमार ने आज 8वीं कक्षा तक के स्कूलों मे दो दिवसीय अवकाश घोषित किया है।

**शीत लहर**

मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का कहर जारी है। राजगढ़ में पारा गिरकर 2 डिग्री तक पहुंच गया है, वहीं राजधानी भोपाल में 3.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भीषण शीतलहर का प्रकोप है। शाजापुर और शहडोल समेत कई जिलों में 'कोल्ड डे' की स्थिति बनी हुई है। कोहरे की बात करें तो ग्वालियर, दतिया और छतरपुर में घने कोहरे के कारण यातायात की रफ्तार थम गई है। मौसम विभाग ने आज भी भोपाल सहित प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में अलर्ट जारी किया है। भोपाल, राजगढ़ और मंदसौर में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट है।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह**

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भैरूंदा (सीहोर) में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गोपालपुर की टीम ने चकल्दी को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि "मामा हमेशा साथ है।" उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बेटियों के जज्बे ने सबका दिल जीत लिया। आयोजन में विधानसभा स्तरीय क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले भी संपन्न हुए।

**सुपर कंप्यूटर सिमुलेशन**

भारतीय वैज्ञानिकों ने सुपर कंप्यूटर–चालित सिमुलेशन की तकनीक विकसित कर ली है। इससे गर्म जल को ठंडे पानी की तुलना में अधिक तेज़ी से जमाया जा सकेगा। इस तकनीक से पानी सहित किसी भी द्रव को ठोस में बदला जा सकता है।

**स्वयं पोर्टल मैपिंग**

उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने निर्देश दिए हैं कि सभी महाविद्यालय 15 जनवरी तक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की "स्वयं" पोर्टल पर मैपिंग पूर्ण करें। बता दें कि मध्यप्रदेश गैर–तकनीकी विषयों में 350 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देश में अव्वल है। पोर्टल का उद्देश्य वंचित छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा पहुँचाना और क्रेडिट लाभ दिलाना है। साथ ही, कॉलेजों में नियमित कक्षाओं, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के भी निर्देश दिए गए।

**मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में जारी राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पूजा रानी और जदुमणि सिंह ने एकतरफा जीत दर्ज की। हालांकि, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और अमित

पंघाल को अपने मुकाबले जीतने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। देश भर के 600 मुक्केबाज पहली बार एक साथ आयोजित हो रही इस पुरुष व महिला चैंपियनशिप के 10 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री – मप्र सराहना**

नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को दी गई गति की सराहना की। बैठक में 29,278 करोड़ रुपयों की 45 परियोजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अटल पथ और चंबल क्षेत्र विकास परियोजना को नए संरेखण के साथ पुनर्जीवित किया गया है। साथ ही, 625 किमी लंबा टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर पेंच, कान्हा, बांधवगढ़ और पन्ना को जोड़कर पर्यटन व रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा।

**शहरी विकास**

प्रदेश मंत्रालय वल्लभ भवन में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की 11वीं बैठक कल संपन्न हुई। बैठक में विकसित भारत /2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शहरी विकास के 4 नए स्वतंत्र प्रभागों के गठन पर सहमति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'नमामि गंगे' की तर्ज पर 'नमामि नर्मदे परियोजना' शुरू करने के निर्देश दिए, जिसमें ठोस–तरल अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। बैठक में नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, पीपीपी मोड, ई–वाहन पॉलिसी और आईटी आधारित स्मार्ट प्रणालियों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- भोपाल के छोटे तालाब पर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चौंपियनशिप कल शुरू हुई। मेजबान मध्य प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार आगाज किया है।
- प्रदेश के गृह विभाग ने कल शाम 64 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए। एसीपी अंजलि रघुवंशी को भोपाल में महिला अपराध की नई जिम्मेदारी दी गई।
- कटनी पुलिस ने 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' अभियान के तहत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया।
- झाबुआ में दिव्यांग पंचायत सचिव की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी 15 जनवरी तक अपनी दावा–आपत्तियां लिखित में दे सकते हैं।
- रतलाम में 10 जनवरी को 2500 मेधावी छात्रों का सम्मान होगा। विधायक सभागृह में होने वाले आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं।
- नीमच में बाछड़ा समुदाय के युवाओं को रोजगार और शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रशासन ने 'पंख अभियान' की समीक्षा कर निर्देश दिए।
- निवाड़ी जिले में कलेक्टर जमुना भिड़े ने पुलिस और प्रशासन को जमीनी विवादों पर मिलकर और सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

————————